दिनांक 28.12.2024 को आयोजित बैठक का कार्यवृत्त

स्वामी विवेकानन्द युवा सशक्तिकरण योजना के अन्तर्गत जनपद को प्राप्त टैबलेट/स्मार्टफोन के वितरण के सम्बन्ध में दिनांक 28.12.2024 को अपर जिलाधिकारी (प्र0) बरेली की अध्यक्षता में बैठक आहूत की गयी जिसमें कॉलेज/संस्थान के प्रबन्धक/प्रधानाचार्य/आई0टी0अनुदेशक, रजिस्ट्रार राजकीय पॉलिटैक्निक उपस्थित हुए। उक्त बैंठक में बरेली कालेज, बरेली की ओर से कोई भी उपस्थित नहीं हुआ।



R/1008.

उपरोक्त के अतिरिक्त अन्य कालॅज/संस्थान के प्रधानाचार्य/नोडल अधिकारी उपस्थित रहे। सर्वप्रथम कॉलेज/संस्थान के प्रधानाचार्य/नोडल अधिकारी के परिचय द्वारा बैठक प्रारम्भ हुई। जिसमें अधोहस्ताक्षरी ने शासन द्वारा चलाई जा रही स्वामी विवेकानन्द युवा सशक्तिकरण योजना के सतत संचालन के अन्तर्गत जनपद को प्राप्त टैबलेट/स्मार्टफोन के वितरण का कार्य धीमी गति से किये जाने पर शासन द्वारा निर्धारित मानक के अनुसार टैबलेट/स्मार्टफोन के वितरण न किये जाने पर जनपद की रैंकिग में गिरावट के कारण एवं उन कारणों के निराकरण के सम्बन्ध में वार्ता की।

जनपद बरेली को स्वामी विवेकानन्द युवा सशक्तिकरण योजना के अन्तर्गत जनपद बरेली को 40,400 स्मार्टफोन व 32,353 टैबलेट प्राप्त हुए है। जिसमें से कॉलेज संस्थानो द्वारा 157 स्मार्टफोन का वितरण छात्र–छात्राओ को नहीं किया गया है व 32353 टैबलेट में से मात्र 8229 टैबलेट कॉलेज/संस्थानो द्वारा प्राप्त नहीं किये गये है। निर्देशित किया गया कि सभी सम्बन्धित कॉलेज/संस्थान अपने–अपने छात्र/छात्राओं का आधार प्रमाणीकरण करा कर तीन दिन के अन्दर टैबलेट प्राप्त करना सुनिश्चित करें।

कॉलेज/संस्थान के नोडल अधिकारियों/प्रबन्धक/प्रधानाचार्य द्वारा आधार प्रमाणीकरण के संबंध में अवगत कराया गया है कि छात्रों का आधार प्रमाणीकरण करने पर अधिकांश छात्रों का डाटा मिक्समैच होने एवं आधार पर अंकित मोबाईल नम्बर पर ओ.टी.पी.

Sh. Ravindra Gautam
02/01/25
कुलसचिव

प्राप्त न होने के कारण आधार प्रमाणीकरण नहीं हो पाता है। छात्रों का उक्त डाटा सही कराने में लगभग 20–25 दिन का समय लगता है।

कॉलेज/संस्थान के नोडल अधिकारियों द्वारा अवगत कराया गया है कि छात्रों का डाटा फीडिंग एवं आधार प्रमाणीकरण में तकनीकि दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।

उपरोक्त के संबंध निर्देशित किया जाता है कि जिन छात्र/छात्राओं का आधार प्रमाणीकरण होना शेष है उन प्रत्येक छात्र/छात्राओं से दूरभाष से वार्ता कर आधार प्रमाणीकरण की कार्यवाही तत्काल सुनिश्चित की जाये, जिससे आधार प्रमाणीकरण होने में आनावश्यक दिक्कतों का सामना नहीं करना पड़े।

उपरोक्त तकनीकि समस्याओं को दूर करने के लिए यू.पी.डैक्सको लखनऊ में कार्यरत श्रीमती अर्तिका मो0नं0–9619340694 व श्री हेमन्त मो0नं0–9519919111 से सम्पर्क कर उक्त समस्या का समाधान करा सकते है तथा टैबलेट वितरण माह के अन्त में प्रत्येक दशा में शतप्रतिशत किया जाये।

अधोहस्ताक्षरी द्वारा कॉलेज/संस्थान के प्रधानाचार्य एवं नोडल अधिकारी को पुनः निर्देशित किया गया कि शेष टैबलेट का वितरण सम्बन्धी कार्य तीन दिवस के अन्दर पूर्ण कर ले, अन्यथा की स्थिति में सम्बन्धित के विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी। कॉलेज/संस्थान के प्रधानाचार्य/नोडल अधिकारी टैबलेट/स्मार्टफोन वितरण के कार्य को शीर्ष प्राथमिकता प्रदान करें। बैठक के अन्त में समय से प्रतिभाग करने हेतु धन्यवाद ज्ञापित करते हुए बैठक समाप्त की गयी।

(दिनेश)
अपर जिलाधिकारी(प्र0)
बरेली।

कार्यालय जिलाधिकारी, बरेली।

पत्रांक 91 /एस0टी0/टैबलेट वित0–2024–25 दिनांक 28.12.2024

प्रतिलिपि : निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :
1–जिलाधिकारी बरेली महोदय को सादर अवलोकनार्थ प्रेषित।
2–रजिस्ट्रार, एम0जे0पी0आर0 यूनिवर्सिटी बरेली को सूचनार्थ प्रेषित।
3–क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी बरेली।
4–जिला विद्यालय निरीक्षक, को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
5–प्रोफेसर–वीरांगना रानी अवंतीबाई डिग्री कॉलेज/नोडल अधिकारी बरेली समस्त कॉलेज/संस्थानों के प्रधानाचार्यो से समन्वय स्थापित कर उक्त का अनुपालन कराना सुनिश्चित करें।
6–प्रधानाचार्य, राजकीय पॉलिटैक्निक बरेली नोडल अधिकारी बरेली को इस निर्देश के साथ प्रेषित समस्त कॉलेज/संस्थानों के प्रधानाचार्यो से समन्वय स्थापित कर उक्त का अनुपालन कराना सुनिश्चित करें।
7–प्रधानाचार्य, राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान बरेली नोडल अधिकारी बरेली को समस्त कॉलेज/संस्थानों के प्रधानाचार्यो से समन्वय स्थापित कर उक्त का अनुपालन कराना सुनिश्चित करें।
8–समस्त कॉलेज/संस्थान के प्रधानाचार्य/नोडल अधिकारी उक्त का अनुपालन कराना सुनिश्चित करें।

अपर जिलाधिकारी(प्र0)
बरेली।